**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**
**दोपहर समाचार**

**दिनांक–28.12.2025** **समय–2.10 पीएम**

**प्रधानमंत्री–मन की बात**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत ने इस वर्ष राष्ट्रीय सुरक्षा, खेल और विज्ञान से लेकर विश्व के सबसे बड़े मंचों तक– हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में, प्रधानमंत्री ने कहा कि 2025 ने हर भारतीय को गौरवान्वित करने वाले कई क्षण दिए। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' इस वर्ष हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बन गया। उन्होंने कहा कि दुनिया ने स्पष्ट रूप से देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता।

**बाइट–प्रधानमंत्री**

श्री मोदी ने वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर लोगों के उत्साह और जोश की प्रंशसा की। उन्होंने लोगों से हैशटैग वंदेमातरम 150 के साथ अपने संदेश और सुझाव भेजने का अनुरोध किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल के लिए भी वर्ष 2025 स्मरणीय रहा। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती। महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्वकप जीता।

**प्रधानमंत्री–मुख्य सचिव**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पांचवें राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन के अंतिम दिन नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर लगातार संवाद के जरिए केंद्र – राज्य भागीदारी को मजबूत करना है। सम्मेलन का विषय है– विकसित भारत के लिए मानव पूंजी। इसमें राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वोत्तम कार्यशैलियों को साझा किया जा रहा है।

**विशेष श्रृंखला "सुधारों का वर्ष"**

वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इस वर्ष ने नीतियों को प्रगति में बदलते और इरादों को साकार होते देखा। विशेष श्रृंखला "सुधारों का वर्ष" में हमारे संवाददाता ने बताया कि ...

**रिपोर्ट–संवाददाता**

**भावांतर योजना**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रतलाम जिले के जावरा में आयोजित राज्य स्तरीय सोयाबीन भावांतर योजना कार्यक्रम में सिंगल क्लिक के माध्यम से 3.77 लाख किसानों के खातों में 810 करोड़ रूपये अंतरित करेंगे। भावांतर योजना में अब तक 6.44 किसानों को 1292 करोड़ रुपये अंतरित किये जा चुके हैं।

**जेटली–श्रद्धांजलि**

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, स्वावस्थ्य और परिवार कल्यांण मंत्री जेपी नड्डा, पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्‍ यादव और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेन्द्रं सिंह ने आज सुबह नई दिल्ली में पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण जेटली की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई वरिष्ठं नेता भी उपस्थित थे। इनमें दिल्ली् विधानसभा अध्य क्ष विजेन्द्रा गुप्ता्, दिल्लीक प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्री सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वेराज और दिल्लीत सरकार में मंत्री आशीष सूद शामिल हैं।

## रेल विलम्ब

घने कोहरे के कारण देश के कई हिस्सों में रेलगाडियों की आवाजाही पर असर पड़ा है। लगभग बीस रेलगाडियां चार घंटे से भी अधिक की देरी से चल रही हैं। रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वे स्टेशन जाने से पहले रेलगाडियों की मौजूदा स्थिति की जांच ज़रूर कर लें।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में –**

- जबलपुर के जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र में आज किसान दिवस कार्यक्रम मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा ने किसानों के जीवन में किसान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विकसित भारत जी–रामजी अधिनियम 2025 के बारे में जानकारी दी।
- नर्मदापुरम में एचआईवी–एड्स जैसे संक्रामक रोगों के प्रति जन–जागरूकता और रोकथाम के उद्देश्य से शहर के रसूलिया नगर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। मेगा हेल्थ कैंप में 264 नागरिकों की एचआईवी, सिफिलिस और हेपेटाइटिस की स्क्रीनिंग के साथ सामान्य स्वास्थ्य जांचें की गईं।
- मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग के तत्वाधान एवं जिला प्रशासन निवाड़ी के सहयोग से महाराजा खेतसिंह खंगार जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय गढ़कुण्डार महोत्सव एवं मेले का आयोजन किया जा रहा है।
- आगरमालवा के प्रधान जिला न्यायाधीश डी.एस.चौहान ने शनिवार को जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों से चर्चा की। बीमार बंदियों को समुचित ईलाज करवाये जाने हेतु उचित निर्देश जेल प्रशासन को दिये।

—————————————